श्री दिलीप मेहता

उम्र–48 वर्ष
ग्राम– डेढ़ी मुसहरी
प्रखण्ड– फारबिसगंज
जिला–अररिया
मो० नं० –9939216980
आधार नं० –688129218921

श्री दिलीप मेहता पिता डोमी मेहता एक साधारण गरीब परिवार में ग्राम–मुसहरी में पैदा हुआ। पिता मजदुरी एवं अपना खेती कर अपना एवं परिवार का भरण–पोषण करता था। कम आमदनी के कारण दिलीप मेहता का शिक्षा इंटर तक ही हो पाया। श्री दिलीप मेहता अपना शिक्षा इंटर तक करने के बाद अपने पिता के साथ खेती में सहयोग करने लगा। चूकि दिलीप मेहता इंटर पास था इसलिए उसे लगा की क्यो न खेती को वैज्ञानिक तरीके से किया जाय जिससे आमदनी में वृद्धि हो। इसी सोच के साथ श्री मेहता खेती की नई तकनीक सिखने के लिए विभिन्न शोध संस्था का भ्रमण किया एवं अलग–अलग प्रशिक्षण संस्था से प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। जिसमें प्रमुख रुप से I.R.R.I. वाराणसी, BISA समस्तीपुर, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, उत्तराखंड वानिकी प्रशिक्षण अकादमी, हल्दानी, कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया एवं कृषि विज्ञान केन्द्र उत्तर दिनाजपुर से गौपालन, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, खेती की नई तकनीक पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। नारियल विकास वोर्ड पटना से भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद श्री दिलीप मेहता अपने 04 एकड़ खेत में रेज्ड बेड तकनीक से मक्का, जीरो टिलेज तकनीक से गेहूँ, रेज्ड बेड तकनीक से मक्का आलू की इंटरक्रापिंग कर अपना आमदनी बढ़ा रहे है। साथ ही साथ गौ पालन से प्राप्त गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन कर अपने खेतो में उपयोग के अलावा स्थानीय बाजार में बेचकर मुनाफा भी कमा रहे है। आज श्री महेता कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया से प्रशिक्षण प्राप्त कर खेती एवं पशुपालन से लगभग 7 (सात) लाख रुपया सालाना शुद्ध आय प्राप्त कर रहें है। श्री मेहता को कृषि से उत्कृष्ट कार्य के लिए क्षेत्रीय किसान मेला 2019 में उत्कृष्ट किसान सम्मान पुरस्कार से नवाजा गया है।